कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.08.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

स्टॉर कॉलेज व्याख्यान श्रृंखला आयोजित

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत सरकार के बॉयोटेक्नालॉजी विभाग की स्टॉर कॉलेज योजनांतर्गत विशेष व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की गयी।

इसके अंतर्गत बी.एससी. भाग दो एवं तीन के विद्यार्थियों के लिए अंचल के विज्ञान विषय के विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किए गए। पाठ्यक्रम के महत्वपूर्ण हिस्सो की पढ़ाई विशेषज्ञों के माध्यम कराई गयी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय का भारत शासन की स्टॉर कॉलेज योजना में चयन शैक्षणिक गुणवत्ता की दिशा में सार्थक पहल है। इसके पहले चरण में विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित हुए है।

शासकीय वि0या0ता0 स्वशासी महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र के प्राध्यापक डॉ. अभिषेक मिश्रा एवं डॉ. कुसुमांजली देशमुख ने भौतिकी शास्त्र, भारती विश्वविद्यालय की प्रोफेसर समन सिद्दकी एवं श्री शंकराचार्य महाविद्यालय की डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ. सोनिया बजाज ने प्राणीशास्त्र के विभिन्न टॉपिक पर सारगर्भित जानकारी छात्राओं की दी।

वनस्पतिशास्त्र में कल्याण महाविद्यालय के डॉ. जी.के. चंद्रौल एवं शासकीय महाविद्यालय खुर्सीपार की डॉ. पूर्णिमा सेठ, डॉ. प्रतिक्षा पाण्डेय ने व्याख्यान दिया।

रसायनशास्त्र में सेंटथॉमस महाविद्यालय के डॉ. अरविन्द साहू एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी की प्रोफेसर मीना चक्रवर्ती ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

छात्राओं ने अपनी प्रतिक्रिया में इस तरह के व्याख्यानों पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा इससे जटिल विषयों को असानी से विशेषज्ञों के माध्यम से समझने का अवसर मिलता है।

स्टॉर कॉलेज योजना प्रभारी डॉ. निसरीन हुसैन ने बताया कि अगली कड़ी में विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट कार्य एवं शैक्षणिक भ्रमण कराया जावेगा जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रयोगशालाओं में प्रैक्टिल करने का अवसर भी मिलेगा।

प्रवेशकार्य के पश्चात् स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को भी इस योजना से जोड़ा जावेगा।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में

स्टॉर कॉलेज व्याख्यान श्रृंखला आयोजित